हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 कुरूद विस में सहकारिता का विस्तार, छह नई समितियां ...

12 बोदलवंडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ...




## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए फ्री कोचिंग 4 मई से

**धमतरी।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल को पूर्ण हो चुकी है। भर्ती के तहत ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) 1 जून से 15 जून के बीच आयोजित होने की संभावना है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती पुष्पा चौधरी ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा विशेष निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 मई से 4 जून तक संचालित होगा। अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में 10वीं का परीक्षाफल 97.8 प्रतिशत रहा

**धमतरी।** विद्याकुंज स्कूल लोहरसी ने इस वर्ष कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम हासिल किया है। परीक्षा परिणाम 97.8 प्रतिशत रहा। 140 में से 137 छात्र-छात्राएं सफल हुए। विद्यालय की छात्रा महक बुराड़ ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम व लावण्या गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर आराध्या शर्मा और ईशिता दिवाकीर्ति ने संयुक्त रूप से 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ष विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को श्रेय दिया है।



- सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 140 में से 137 छात्र-छात्राएं हुए सफल

### सोरम में श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान योग शुरू

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ग्राम सोरम सात दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान योग प्रवचन का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 20 अप्रैल तक चलेगा। प्रवचनकर्ता राजयोगिनी मधु ने प्रथम दिवस भगवद् गीता की रचना, कौरव-पांडव जन्म की कहानी और पात्रों का आध्यात्मिक परिचय दिया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सुंदर सिन्हा सरपंच, नरेंद्र साहू उपसरपंच , राजयोगिनी सरिता दीदी थे। बीके सरिता ने वर्तमान में गीता को हम जीवन में कैसे आत्मसात करें, इस विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बीके साधना तथा आभार प्रदर्शन बीके आरती ने किया।

### शिक्षक सहकारी समिति में चुनाव की तैयारी शुरू

**धमतरी।** शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति मर्यादित में आगामी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सीपी साहू ने बताया कि समिति के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन आगामी वार्षिक साधारण सम्मेलन अथवा विशेष साधारण सम्मेलन में कराया जाएगा। मतदाता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय, उप, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटी विकासखंड कार्यालय तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा धमतरी के सूचना पटल पर किया गया है। 17 अप्रैल तक अपने दावे एवं आपत्तियां सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए सदस्य सोसायटी कार्यालय में अधिकृत कार्यालय सहायक रोशन लाल साहू अथवा कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी में आवेदन दे सकते हैं।

# शीतला तालाब में ऑक्सीजन की कमी से हजारों मछलियां मरीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी अब जलस्त्रोतों पर भी भारी पड़ने लगी है। इसका ताजा उदाहरण शहर के महिमासागर वार्ड स्थित शीतला तालाब में देखने को मिला, जहां ऑक्सीजन की कमी के कारण हजारों मछलियों की मौत हो गई। बुधवार सुबह जब स्थानीय लोग तालाब पहुंचे तो पानी में तैरती मृत मछलियों को देखकर स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई, जिससे आसपास के रहवासियों का रहना मुश्किल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद दीपक सोनकर और संबंधित ठेकेदार मौके पर पहुंचे। तत्काल सफाई अभियान चलाकर तालाब से सड़ी-गली मछलियों को बाहर निकालकर नष्ट किया गया। पार्षद ने बताया कि तेज गर्मी के कारण तालाब के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से कम हो गई, जिससे मछलियों का जीवित रहना संभव नहीं हो पाया।

विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी बढ़ने के साथ पानी का तापमान बढ़ता है, जिससे उसमें ऑक्सीजन घुलने की क्षमता घट जाती है। वहीं मछलियों का मेटाबॉलिज्म तेज होने से उनकी ऑक्सीजन की जरूरत बढ़ जाती है। इसके अलावा गर्मी में शैवाल (एल्गी) तेजी से पनपते हैं,

▶▶ शेष पेज 10 पर

**इलाके में फैली बदबू, सफाई अभियान चलाकर सड़ी-गली मछलियों को बाहर निकाला गया**




## मां अंगारमोती की छत्रछाया में आदिवासी समाज का हुआ सामूहिक विवाह

# 63 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे आशीर्वाद देने उठे हजारों हाथ




- कमार, सतनामी समाज, अन्य पिछड़ा वर्ग के जोड़े भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन धूमधाम से किया गया। आदिशक्ति मां अंगारमोती के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय विवाह की सारी रस्म गोंडी रीतिरिवाज एवं रूढ़िजन्य परम्परानुसार गायता भूमका द्वारा संपन्न कराई गई। इस विवाह में आदिवासी समाज के अलावा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के वर-वधु भी परिणय सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह में कुल 63 जोड़ों की शादी रचाई गई।

कार्यक्रम को विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, राष्ट्रीय जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साय, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, जिपं सभापति मोनिका देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनपद सदस्य धमेश्वरी साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का, आदिवासी गोंड समाज के अध्यक्ष माधवसिंह ठाकुर, आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, महिला प्रभार के जिलाध्यक्ष ईश्वरी नेताम, जनपद सदस्य खिलेंद्र ध्रुव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर शामिल होकर सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में परियोजनाधिकारी प्राची शर्मा, महेश मरकाम, उषाकिरण चंद्राकर, सोमेंद्र साहू, सुमित गंडेचा, सरिता कुशवाहा, ममता चंद्राकर, रिंकी साहू, तरूण यादव, मनीषा बोरघरिया, प्रतिभा गोस्वामी, रेणुका साहू, सोमलता शुक्ला, आशा वर्मा, मोनिका साहू, उदय नेताम, नेहा यादव, हेमिन बंजारे, कालिंद्री देशलहरे, प्रियंका साहू, गेवाराम नेताम, दौलतराम ध्रुव, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, गौतम पोटाई, राहुल नेताम, खूबचंद ध्रुव, हेमंत ध्रुव, टीकाराम कुंजाम, डा. एआर ठाकुर, ललित ठाकुर, जयपाल ठाकुर, नारायण ध्रुव, ठाकुरराम नेताम, शिव नेताम, कृष्णा नेताम, चमेली नेताम, रमी गौतम, भूमिका कोर्राम, चंद्रकला नेताम, चंद्रकिरण नेताम, प्रेमलता नेताम, नंदा ध्रुव, सीता ध्रुव, हर्ष मरकाम, रामेश्वर मरकाम, गायता के रूप में धनीराम छैदेया, भगवानसिंह नेताम, रामलाल मरई, लेखन मरकाम, देवराज नेताम, विनायक मंडावी, वेदप्रकाश ध्रुव, तिजेंद्र कुंजाम, बंटी मरकाम, हेमंत छेदैया, युवराज मरकाम, ढालूराम ध्रुव, नरेंद्र नेताम, हरि नेताम, ओमकार नेताम, हरिशंकर मरकाम सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### राज्य सरकार पुण्य का काम कर रही : कृषि मंत्री रामविचार नेताम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषिमंत्री रामविचार नेताम ने नवदंपति जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासी समाज का यह पहला विशाल आयोजन है जिसे आदिवासी समाज अपनी परम्परा और अपने रीति-रिवाज के साथ कराया है। राज्य सरकार राज्यभर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत अनेक जोड़ों का विवाह कराकर पुण्य का काम कर रही है। इससे फिजूलखर्च की बचत हो रही है। हमारी सरकार प्रत्येक परिवार को विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचा रही है।

### आदिवासी समाज प्रकृति पूजक : रामू रोहरा

महापौर रामू रोहरा ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है। समाजजन इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति को समेटे हुए हैं। देव स्थापना भी प्रकृति पर आधारित है। आदिवासी संस्कृति से रचा बसा यह आदर्श विवाह ऐतिहासिक है।

### बेटियों का मान सम्मान बढ़ा : अरविंद

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज में बेटियों का मान सम्मान सबसे आगे रखा जाता है। समाज ने बेटियों का सम्मान करते हुए उनका सामूहिक विवाह कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है।

### दूल्हा-दुल्हन पारम्परिक वेशभूषा में नजर आए

आदिवासी गोंड समाज में परम्परागत विवाह की अपनी अलग परम्परा है। प्रकृति शक्ति फडापेन, पेनठाना तथा पंच बुढ़ादेव की स्थापना की गई। मां अंगारमोती की सेवा अर्जी के साथ सगाजनों के सानिध्य में सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। दूल्हा-दुल्हन पारम्परिक वेशभूषा और मौर मुकुट में नजर आए। 14 अप्रैल को सामूहिक विवाह के प्रथम दिन तेल हल्दी समेत समस्त नेंग कराए गए। मड़वा चुलमाटी कार्यक्रम पश्चात महिलाओं एवं युवाओं ने रेला पाटा नृत्य किया। 63 जोड़ों की बारात निकाली। इसमें आदिवासी समाज के अलावा कमार, सतनामी समाज तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के जोड़े भी शामिल हुए।



# राजस्थान से धमतरी पेशी में आए दो युवकों पर लाठी व रॉड से हमला

- 6 से 7 अज्ञात युवकों ने दिया घटना को अंजाम, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



किसी मामले में पेशी में धमतरी पहुंचे राजस्थान के दो युवकों पर सरेराह 6 से 7 अज्ञात युवकों ने लाठी व रॉड से हमला कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

बुधवार की दोपहर शहर के पीडी नाला के पास एक कपड़ा दुकान के सामने उस समय हड़कम्प मच गया जब पेशी के लिये धमतरी आये राजस्थान के दो युवकों पर दिनदहाड़े 6 से 7 लोगों ने लाठी व रॉड से हमला करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि राजस्थान के भीलवाड़ा से अशोक शर्मा पिता घेरूलाल उम्र 23 वर्ष व जीवनलाल गुज्जर पिता मगनराम उम्र 32 वर्ष बुधवार को पेशी के सिलसिले में धमतरी आये थे। दोनों युवक पूर्व में किसी मामले में धमतरी जेल में बंद थे। उनके साथ धमतरी का एक युवक भी जेल में बंद था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों युवक पीडी नाला से गुजर रहे थे तभी 6 से 7 हमलावरों ने अचानक इन युवकों पर लाठी व रॉड से हमला करना शुरू कर दिया। इस घटना में दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गये। मारपीट करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गये। सूचना पर वरदान परमार्थ संस्था के शिवा प्रधान व आशीष साहू मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस से घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। आशंका जताई जा रही है कि किसी पुराने विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

बुधवार को शहर के मुख्य मार्ग में जिस तरह दिनदहाड़े गुण्डागर्दी की घटना सामने आई है उससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों व आदतन बदमाशों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद अपराधी गुण्डागर्दी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# टाइगर रिजर्व में लकड़ी का अवैध परिवहन

- दो आरोपी गिरफ्तार, पिकअप से लकड़ी तस्करी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




टाइगर रिजर्व के सीतानदी परिक्षेत्र में अवैध रूप से जलाउ लकड़ी का परिवहन करते दो लोगों को पिकअप वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय नगरी के आदेशानुसार 14 दिनों की रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्य प्राणी संरक्षण के लिए जारी सख्त निर्देशों के परिपालन में टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र सीतानदी परिक्षेत्र के वन अमला को रात्रि गश्त के दौरान बरोली सहायक वृत्त अंतर्गत कक्ष क्रमांक 336 स्थित कसपुर वनोपज नाका में पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एचव्ही 3975 के माध्यम से अवैध रूप से जलाऊ लकड़ी 1 चट्टा 2 घनमीटर का परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी रामदेव यादव ग्राम बहीगांव तथा ईश्वर मरकाम ग्राम बहीगांव निवासी के खिलाफ पीओआर दर्ज किया गया। भारतीय वन अधिनियम एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर नगरी प्रथम श्रेणी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जिला जेल धमतरी दाखिल किया गया है।

इस कार्रवाई में उपवन क्षेत्रपाल लोकेश्वर सिंह चौहान, बरोली सहायक परिक्षेत्रधिकारी वनरक्षक अवध कुमार, गेमगार्ड रूपेन्द्र कुमार, शंकरलाल मरकाम, दैनिक श्रमिक रामनाथ समेत पेट्रोलिंग श्रमिक का विशेष योगदान रहा।

**आरोपियों के कब्जे से 5 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त**

# आईपीएल सट्टा रैकेट : कुरूद में ऑनलाइन नेटवर्क का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जिले में सट्टा गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कुरूद क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बीएसएनएल ऑफिस के पास दो व्यक्ति ऑनलाइन ऐप के माध्यम से आईपीएल सट्टा संचालित कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जांच में पाया गया कि आरोपी अपने मोबाइल फोन में BLIS-SEXCH नामक एप के जरिए सट्टा चला रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 मोबाइल फोन, एक आईफोन, 20,500 रुपये नकद और एक अर्टिका कार जब्त की है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 5,05,500 रुपये आंकी गई है।



गिरफ्तार आरोपियों में जीवन यादव 40 वर्ष और कौशल साहू 31 वर्ष दोनों निवासी कुरूद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

परीक्षा में दो विषय का पेपर बिगड़ जाने से परेशान होकर 11वीं कक्षा की छात्रा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेलवाकूदा निवासी वैष्णवी साहू पिता भरतलाल उम्र 17 वर्ष ग्राम पचपेड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वी की छात्रा थी। बीते दिनों उसकी वार्षिक परीक्षा चल रही थी। 9 अप्रैल को छात्रा परीक्षा दिलाकर घर पहुंची तो उसके पिता भरतलाल ने पेपर की जानकारी ली। जिस पर छात्रा ने दो पेपर बिगड़ने की बात बताई। पिता ने कहा कि 11वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा नहीं है। यदि पूरक आए तो फिर से परीक्षा दिला लेना। उस दिन से छात्रा गुमशुम रह रही थी। मंगलवार को घर के सभी लोग साहू समाज के सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने बस्ती की तरफ गए थे। इस दौरान छात्रा घर में अकेली थी। दोपहर बाद पिता घर पहुंचा और छात्रा को खाना खाने बुलाने के लिए उसके कमरे की तरफ गया। कमरे का दरवाजा भीतर से बंद मिला। आवाज देने के बाद भी भीतर से कोई जवाब नहीं मिलने पर पिता ने पैर से ठोकर मारकर दरवाजा खोला। भीतर छात्रा सिलिंग पंखा में दुपट्टा के फंदे पर फांसी में लटकी हुई थी। जीवित होने के अंदेशा के चलते छात्रा को फंदे से उतार उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया।



- ग्राम भेलवाकूदा की घटना

## खबर संक्षेप

### बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं



**कांकेर।** शहर के आमापारा में मंगलवार को भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता, संविधान के सम्मान और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर समाज के नीरज मेश्राम, अनिल गोंडाने, प्रज्ञा मेश्राम, माया सुखदेवे, कमला मेश्राम, प्रीति गोंडाने, पुष्कर गोंडाने, अनुज सुखदेवे, पल्लवी गोंडाने, आचल सुखदेवे, ताराबाई मेश्राम, नंदा मेश्राम, प्रकाश रामटेके, एकलव्य मेश्राम व अन्य उपस्थित रहें।

### 6 लीटर शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने 14 अप्रैल को छापामार कार्यवाही करते हुए महुआ शरबा के साथ कोचिया को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी बधियापारा चारामा निवासी 22 वर्षीय उमेश कुमार दर्रो पिता रूपसिंग दर्रो अपने कब्जे में 6 लीटर हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब रखा हुआ था व बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।





### अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश निरस्त

**कांकेर।** जनगणना 2027 के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इससे सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों तथा जनगणना कार्य में सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश 15 अप्रैल से 10 जून किया गया है। उक्त अवधि में कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

### बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत होगा सर्वेक्षण

**कांकेर।** बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में एनसीएईआर सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर व्यक्ति मूलक योजनाओं का सैचुरेशन किया जाएगा। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर मुन्ने नामक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत सैचुरेशन के प्रयास को गति देने तथा ग्रामीणों को योजना का लाभ त्वरित गति से पहुंचाया जाएगा।

## निधन

### महेन्द्र श्रीवास



**धमतरी।** पूर्व अध्यापक महेन्द्र श्रीवास का निधन 15 अप्रैल को उनके निवास स्थान पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी में हो गया। अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे शांतिघाट दानीटोला में होगा।

### श्रीमती कुंतीबाई साहू



**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम अमलीडीह निवासी कुंती बाई साहू का आकस्मिक निधन 11 अप्रैल शनिवार को हो गया। वे द्रोणाचार्य साहू, नारायणी साहू, केशवराम साहू, पुमेश्वरी साहू, प्रमिला, डोमेश्वरी एवं सेवन साहू की मां एवं देवा, गजेन्द्र, खुशी, तारिणी की दादी थीं। उसकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

# शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्थान पर फोकस करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ की पहली बैठक हुई

अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ की पहली बैठक साहू छात्रावास में आयोजित की गई। अतिथि अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू ,हिरेंद्र साहू सचिव तहसील साहू समाज धमतरी , संरक्षक दयालु राम साहू , नंदकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू एवं अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, महासचिव मनोज कुमार साहू, सचिव भोजराम साहू, सहसचिव रवींद्र साहू, कोषाध्यक्ष नीलकंठ बनपेला, उपाध्यक्ष गजानंद साहू, तुमनचंद साहू, संगठन सचिव डॉ. मंजूषा साहू थे। अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी समय में कई रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया। इनमें समर कोचिंग क्लास, मोटिवेशनल शिविर, वृक्षारोपण अभियान, ब्लड डोनेशन कैंप, सदस्यता अभियान और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान शामिल है। साथ ही दानवीर भामाशाह जयंती मनाने की भी योजना बनाई गई।

पूर्व प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए 10 साहू मिलकर 1 जरूरतमंद बच्चे को गोद लेने की पहल को सराहा। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा, किताबें, यूनिफॉर्म और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह प्रस्ताव समाजसेवी तुमनचंद साहू द्वारा रखा गया, जिस पर सभी ने सहमति जताई।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि इस पहल का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना भी है। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि इस तरह के प्रयास समाज में सहयोग और समानता की भावना को मजबूत करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मनोज कुमार साहू तथा आभार प्रदर्शन सचिव भोजराम साहू ने किया।

### किसान राशि के लिए बैंकों और समितियों का लगा रहे चक्कर

# चना खरीदी के बाद भुगतान अटका किसानों के 5.5 करोड़ रुपए फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



किसानों की आय दोगुनी करने के दावे के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। कुरूद क्षेत्र की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी तो हो गई, लेकिन उठाव नहीं होने से किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान अटक गया है। इससे किसान परेशान होकर बैंकों और समितियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद और कातलबोड़ सहकारी समितियों में अब तक करीब 9,400 क्विंटल चना की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों का लगभग 5 करोड़ 48 लाख रुपये भुगतान लंबित है। उठाव नहीं होने के कारण भुगतान प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। सरकार द्वारा दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी सहकारी समितियों के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें नेफेड को क्रय एजेंसी बनाया गया है। धमतरी जिले में भी इसी व्यवस्था के तहत खरीदी की जा रही है। हालांकि शुरुआत में ग्रेडिंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतों से किसान आक्रोशित हो गए थे। विरोध के बाद व्यवस्था में सुधार तो हुआ, लेकिन अब भुगतान में देरी नई समस्या बनकर सामने आई है।

### कुरूद सोसाइटी ने 5526 क्विंटल चना खरीदा

कुरूद सोसाइटी के प्रबंधक त्रिलोचन बांसकार ने बताया कि 23 मार्च से 13 अप्रैल तक 362 किसानों से 5526 क्विंटल चना खरीदा गया है, जिसकी राशि करीब 3 करोड़ 28 लाख रुपये है। उठाव नहीं होने के कारण यह भुगतान अटका हुआ है।

### कातलबोड़ सोसायटी में 3897 क्विंटल चने की खरीदी

वहीं कातलबोड़ सोसायटी के प्रबंधक शिवनंदन बैस के अनुसार, उनकी समिति में 312 किसानों से 3897 क्विंटल चने की खरीदी की गई है, जिसकी कीमत 2 करोड़ 20 लाख रुपये से अधिक है। उठाव में देरी के चलते भंडारण, रखरखाव और सुखत की समस्या भी बढ़ती जा रही है।

### शासन-प्रशासन से भुगतान की गुहार

इस संबंध में कॉपरेटिव बैंक कुरूद शाखा प्रबंधक टिकेंद्र बैस ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 1 मार्च से खरीदी शुरू की गई थी, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी किसानों के खाते में राशि जमा नहीं हो सकी है। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है और विपणन संघ को भी शीघ्र उठाव के लिए पत्र लिखा गया है। किसानों ने शासन-प्रशासन से जल्द उठाव और भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

# खिलाड़ियों ने सांसदद्वय एवं कलेक्टर से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को नवीन खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार जिला स्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता गंगरेल स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए खिलाड़ियों एवं टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा सांसद द्वय श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं भोजराज नाग तथा विधायक धमतरी ओंकार साहू एवं सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम से भेंट की। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे। सांसद द्वय एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा खेल अधोसंरचना के विकास एवं प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# डाभा में समरसता दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम डाभा में सतनामी समाज और बूथ अध्यक्ष भीम प्रजापति, सहप्रभारी भगत मार्कण्डेय, खूबलाल साहू के नेतृत्व में समरसता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समरसता दिवस के कार्यक्रम प्रभारी चेतन साहू ने भीमराव अंबेडकर द्वारा देशहित में किये कार्यों पर प्रकाश डाला। सरपंच प्रतिनिधि भोजराम साहू, करेली छोटी सरपंच डॉ परमेश्वर साहू एवं ग्रामीण अध्यक्ष डा. शिवलाल साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कृपाराम कुर्रे (सेवानिवृत्त शिक्षक), संतराम कुर्रे, सखाराम गिलहरे, असंत कुर्रे सहित वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

मौके पर धरम साहू, कीर्तन निषाद, मालिकराम गायकवाड़, विजय बघेल, बेनी, कुर्रे, राजेंद्र साहू, सेमनलाल कुर्रे, खेमचंद बघेल, पूर्णिमा मार्कण्डेय, कुसुम गायकवाड़, मीरा बघेल, कुंदन गायकवाड़, उर्वशी गायकवाड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

# डांडेसरा के स्कूल-आंगनबाड़ी में हुआ न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)





ग्रामीण विकास समिति द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डांडेसरा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को केला एवं जलेबी परोसा गया। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में खेमेन्द्र रावत के जन्मदिन पर पिता भोलेश्वर रावत एवं मां धनेश्वरी रावत द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी परोसी गई। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में भुयांश ध्रुव के जन्मदिन पर पिता रोशन ध्रुव एवं मां गरिमा ध्रुव द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में मोक्षिता साहू के जन्मदिन पर पिता भागवान सिंग साहू एवं मां उत्तरा साहू ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक राजेश साहू ने कहा कि न्योता भोज भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखते हैं।

मौके पर ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पंकज जोशी, सचिव संजय जोशी, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, तीजन साहू, नीतू जोशी, सहायिका दीक्षा सोनवानी, हेमलता कंवर, दामिनी जांगड़े, शिक्षक सूर्यकांत साहू, बृजभूषण बंजारे, किरण कुमार साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### नगर पालिका की सराहनीय पहल, भीषण गर्मी में मिलेगी राहत

# अंबेडकर जयंती पर नगर में 14 स्थानों पर शुरू हुई 'जल सेवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद







भीषण गर्मी के बीच नगरवासियों को राहत देने की दिशा में कुरूद नगर पालिका ने एक सराहनीय पहल करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर के 14 प्रमुख स्थानों पर नई पानी टंकियों का लोकार्पण किया। इस योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे लोगों को गर्मी के दिनों में बड़ी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत चंडी मंदिर परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चन्द्राकर ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को जनकल्याण की प्रेरणा बताया। नगर के बस स्टैंड, कारगिल चौक, नया बाजार, सब्जी बाजार, केनाल रोड, पोस्ट ऑफिस के पास, वीर नारायण चौक, पचरीपारा और अटल आवास सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में इन टंकियों की स्थापना की गई है। यह कार्य 15वें वित्त, अध्यक्ष निधि और नगर पालिका निधि के समन्वय से पूर्ण किया गया।

अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि पूर्व में स्थापित 16 टंकियों के साथ अब नगर में कुल 30 स्थानों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि आमजन को पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर न रहना पड़े और केवल विशेष अवसरों पर ही टैंकरों का उपयोग हो। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को ही अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चन्द्राकर का जन्मदिन भी था। इस अवसर पर उन्होंने इस जनहितकारी कार्य को नगरवासियों के लिए अपने जन्मदिन का उपहार बताया तथा विकास कार्यों में पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पार्षद मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, मनीष साहू, कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, अर्जुन ध्रुव, पूर्व पार्षद सुनील चन्द्राकर, भारत भूषण पंचायन, महिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश्वरी निर्मलकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष केशव चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बस स्टैंड में महापौर ने पेयजल केंद्र का किया शुभारंभ





**धमतरी।** भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर बस स्टैंड परिसर में इस वर्ष भी शीतल पेयजल केंद्र का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया। इस दौरान राहगीरों एवं आम नागरिकों के लिए छाछ का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक समानता, अधिकार और सम्मान पहुंचाने का जो संदेश दिया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अंबेडकर जयंती केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दिवस है। महापौर ने सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्याऊ का संचालन और छाछ वितरण जैसे कार्य आम जनता के लिए बहुत बड़ी राहत साबित होते हैं। यह न केवल सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचायक है।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान




**धमतरी।** गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत रविवार को रिसाईपारा पूर्व वार्ड में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में नागरिकों तक पहुंचाई। कई स्थानों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं भी बताईं, जिन्हें कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ कार्यकर्ता भूपेंद्र मिश्रा, रत्ना मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, डॉ खेमचंद भोजवानी, यशवंत सोनी, पार्वती वाधवानी का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। इस अभियान में शामिल पूर्व महापौर अर्चना चौबे, अभियान प्रभारी जय हिंदूजा, पार्षद मेघराज ठाकुर एवं बूथ अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने कहा कि भाजपा का यह अभियान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

### जगनीक पांचवीं बार झेरिया यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष बने



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय चुनाव 12 अप्रैल को पूरे प्रदेश के 27 जिलों में हुआ। इस चुनाव के लिए कुल 52 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां समाज के 7445 आजीवन सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में प्रगति पैनल ने एक बार फिर प्रचंड बहुमत हासिल करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस पैनल से जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष, भगत सिंह यादव उपाध्यक्ष, सुंदरलाल यादव सचिव, जीआर यादव कोषाध्यक्ष, मनोज यादव सहसचिव तथा डीआर यादव एवं रंजीत सिंह यादव प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी सुकालू राम यादव, जगत राम यादव एवं केशव यादव की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। विशेष बात यह रही कि जगनीक यादव ने लगातार पांचवीं बार प्रदेश अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समाज के विभिन्न जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों सहित धमतरी महानगर अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने हर्ष जताया है।

### कृषक निर्मलदास "सद्गुरु कबीर ज्ञान रत्न अवार्ड" से सम्मानित



**कुरुद।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम नवागांव तहसील कुरुद के कृषक एवं समाजसेवी निर्मलदास मानिकपुरी को उनके उत्कृष्ट कृषि कार्यों और सामाजिक योगदान के लिए सद्गुरु कबीर ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। गोंडवाना भवन धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा प्रदान किया गया। अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने कहा कि निर्मल दास मानिकपुरी जैसे कर्मशील व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, साम्प्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके द्वारा विभिन्न रचनात्मक माध्यम से समाज में अधिकार बोध और कर्तव्य बोध की चेतना जागृत करने का प्रयास सराहनीय है। उनसे भविष्य में भी सामाजिक विषमताओं और अंधविश्वास के उन्मूलन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शीतला तालाब में ऑक्सीजन की कमी से ...

जो दिन में ऑक्सीजन बनाते हैं लेकिन रात में उसका उपभोग करते हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थिर पानी में ऑक्सीजन का प्रवाह भी बाधित रहता है। हालांकि दोपहर तक सफाई कार्य लगभग पूरा कर लिया गया, लेकिन बदबू के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब के जलस्तर और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए स्थायी उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## खबर संक्षेप



### लॉन टेनिस में आमदी स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन

**आमदी(धमतरी)।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय आमदी के तीन विद्यार्थियों का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (लॉन टेनिस) में हुआ है। चयनित खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप दुर्ग में आयोजित किया गया। मुख्य प्रतियोगिता 16 से 22 अप्रैल तक नई दिल्ली में होगी। प्रतियोगिता में पुष्पांजलि साहू पिता महेंद्र साहू, तेजस देवांगन पिता चोवा देवांगन, यश कुमार साहू पिता एमन कुमार साहू का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विधायक ओंकार साहू, नगर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, उपाध्यक्ष कोमल यादव, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक रामचंद्र देवांगन, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती शकीला देवदास, विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार खरे, व्यायाम शिक्षक तामेश्वर प्रसाद साहू, पार्षदगणों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत पटेलपारा कच्चे निवासी 65 वर्षीय अंकालू राम उर्वशा पिता स्व. सुकालू राम ने अज्ञात कारणों के चलते 13 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक रोजाना कि तहर आंगन में सोया था। सुबह देखने पर उन्होने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।

### हिन्दूबिनापाल में हर्षोल्लास से मनी आंबेडकर जयंती

**अंतागढ़।** ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल में 15 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान सरपंच सनबती आंचला ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमें शिक्षा, संघर्ष और संगठन का मूलमंत्र दिया। उनके विचारों पर चलकर ही हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। सभी ग्रामीणों से बच्चों को शिक्षित करने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने कि बात कही। साथ ही अम्बेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर पंचायत के सचिव शिवनाथ उसेंडी ने उपस्थित ग्रामीणों को ग्राम सभा के बारे में आवश्यक जानकारी दिए। ग्राम सभा में ग्राम सभा अध्यक्ष रैयसिंह समरथ, ग्राम सभा के नोडल अधिकारी राधा गोटा, वार्ड पंच अजित आचला, मंजू आंचाला, पूजा सलाम, सरोज आंचला सहित ग्रामवासी, विशेषकर महिलाएं उपस्थित रहें।

### धरना-प्रदर्शन, सभा, रैली और जुलूस प्रतिबंधित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अधीन कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 06 अप्रैल से 03 जून 2026 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है।

# सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा, समाज में सुधार के लिए कई नियम भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री/धमतरी

## जिला देवांगन समाज का 61 वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न, प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित





जिला देवांगन समाज का 61 वां वार्षिक सम्मेलन 12 अप्रैल को देवांगन भवन सिहावा रोड में आयोजित हुआ। सम्मेलन में विनय देवांगन जिलाध्यक्ष ने समाज की मजबूती पर अपने विचार रखे। कोषाध्यक्षों द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि अभय देवांगन उप संचालक महिला एवं बाल विकास संचालनालय थे। अध्यक्षता विनय देवांगन अध्यक्ष धमतरी जिला देवांगन समाज ने की। विशिष्ट अतिथि बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, कौशिल्या देवांगन सभापति नगर निगम, कुंजलाल देवांगन सरंक्षक धमतरी जिला देवांगन समाज, रामगोपाल देवांगन सरंक्षक, घनश्याम देवांगन सरंक्षक, भोलानाथ देवांगन पूर्व अध्यक्ष धमतरी जिला देवांगन समाज थे। कार्यक्रम में समाज सेवा व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। वार्षिक सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। समाज में सुधार के लिए बहुत सारे नियम भी बनाए गए।

इस अवसर पर सुखीतराम देवांगन, संजय देवांगन, कुंजलाल देवांगन, घनश्याम देवांगन, उपाध्यक्ष प्रीत देवांगन, लखन लाल देवांगन, भुवन देवांगन, महासचिव जयलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, सहसचिव खूबलाल देवांगन, महिला संगठन संरक्षक पुष्पा देवांगन, जिलाध्यक्ष वेदिका देवांगन, सचिव देवकी देवांगन,युवा संगठन संरक्षक सचिन देवांगन, कृष्णा देवांगन, जिलाध्यक्ष दिपेश देवांगन, सचिव बीरेंद्र देवांगन, भवन निर्माण समिति के संरक्षक शत्रुघन देवांगन, अध्यक्ष टीकाराम देवांगन मंडल समेत अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद थे।

## गांव स्तर पर किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

# कुरुद विस में सहकारिता का विस्तार छह नई समितियों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





किसानों को उनके घर के समीप ही बेहतर और त्वरित कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कुरुद विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर एवं को-ऑपरेटिव बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिंह की पहल पर क्षेत्र में आधा दर्जन (छह) नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विभागीय मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय स्तर पर भी किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया।

किसानों की बढ़ती संख्या और सुविधाओं में सुगमता लाने के उद्देश्य से बड़ी सहकारी समितियों का विभाजन किया गया। इसके तहत कुरुद विधानसभा के भुसरेंगा, अटंग, कोलियारी तथा भखारा क्षेत्र के पचपेड़ी, भेण्डरा और सिलौटी में नई समितियों का गठन किया गया है। इस पहल से अब किसानों को स्थानीय स्तर पर ही सेवाएं मिल सकेंगी।

सिलौटी समिति का जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू के नेतृत्व में फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान जुगदेही सोसायटी अध्यक्ष भोलाराम साहू, सरपंच अनिल राव शिंदे और दुलार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अटंग समिति में आयोजित कार्यक्रम में गौकरण साहू, कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, निर्मल चंद्राकर, कृष्णकांत साहू, हरीशंकर सोनवानी, उर्वशी बांधेकर, गायत्री चेलक, सोसाइटी अध्यक्ष आदर्श चंद्राकर, प्रभात बैस एवं बैंक प्रबंधक टी.के. बैस उपस्थित रहे। भुसरेंगा समिति के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, सोसाइटी अध्यक्ष कुलेश्वर चंद्राकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विनय चंद्राकर, तिलोकचंद जैन, लोकेश्वर सिन्हा, हर्षवर्धन चंद्राकर, ऐवन साहू एवं ललिता साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। भेण्डरा समिति में जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, भीमदेव साहू, नन्दकुमार साहू, ज्योति मण्डावी, रेखा साहू और हरीश चंद्राकर की मौजूदगी रही। पचपेड़ी समिति में जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, संतोष यादव, विनय साहू, डिकेश्वरी देवांगन, राकेश पटेल, पूर्णिमा धनकर और विजय गोस्वामी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई।

### किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

नई समितियों के गठन से किसानों को अब खाद-बीज, कृषि ऋण और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी सुविधाएं अपने गांव के नजदीक ही मिलेंगी। इससे उन्हें दूरस्थ समितियों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी।

### सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

किसान सम्मेलनों में जनप्रतिनिधियों ने सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारिता के विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नई समितियों के गठन से क्षेत्र के किसानों में उत्साह और विश्वास का माहौल है।

## आरव राज्यस्तरीय स्केटिंग मैराथन में तृतीय रहे

- 3 किलोमीटर स्केटिंग रेस में सैकड़ों प्रतिभागियों को पीछे छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के उभरते हुए नन्हे खिलाड़ी आरव साहू ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर धमतरी का नाम रोशन किया है। कोच टिकेश्वर निर्मलकर ने बताया कि हाल ही में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्केटिंग मैराथन प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई थी, जिसमें 3 से 5 वर्ष के लिए 1 किमी, 6 से 8 वर्ष के लिए 2 किमी, 8 से 10 वर्ष के लिए 3 किमी, 10 से 12 वर्ष के लिए 4 किमी और 12 से 15 वर्ष (सब जूनियर) के लिए 5 किमी रेस शामिल रही। मेनोनाइट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा तीसरी के छात्र आरव पिता चंद्रशेखर साहू ने 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग की 3 किलोमीटर स्केटिंग रेस में सैकड़ों प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर क्रीड़ा भारती संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, अकादमी संचालक देवेंद्र यादव, जिला महामंत्री ननकू महाराज, स्पोर्ट्स ऑफिसर देवेश जोशी, कोच रितेश साहू, धर्मेश सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## चर्रा रोड की उद्यान भूमि पर अवैध विक्रय का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

- समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कुरूद की एफबी टाउन कॉलोनी, चर्रा रोड स्थित उद्यान हेतु आरक्षित भूमि के कथित अवैध विक्रय को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस संबंध में श्रीराम जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने उप जि ला धि का री (एसडीएम) कुरूद को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष जॉनसन सिंह, सचिव गणेश यादव एवं कोषाध्यक्ष बन्द्रसेन ध्रुव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी के ले-आउट के अनुसार दो स्थानों पर उद्यान (पार्क) के लिए भूमि आरक्षित है एक चर्रा रोड की ओर तथा दूसरा अंडलदरा गांव की दिशा में। समिति ने आरोप लगाया है कि उक्त आरक्षित भूमि को अज्ञात एजेंटों के माध्यम से गुप्त रूप से बेचा जा रहा है। साथ ही जमीन पर सीमेंट के पोल लगाए जाने की जानकारी भी सामने आई है, जिससे अवैध विक्रय की आशंका और बढ़ गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कॉलोनी में प्लॉट बेचते समय उद्यान, खेलकूद एवं अन्य सामाजिक सुविधाओं का वादा किया गया था। यदि इन आरक्षित जमीनों का विक्रय किया जाता है, तो क्षेत्र के रहवासियों, विशेषकर बच्चों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर निरीक्षण कर निष्पक्ष जांच की जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा उद्यान हेतु आरक्षित भूमि को सुरक्षित रखा जाए।ज्ञापन सौंपने वालों में महेश गंजीर, दिनेश साहू, मिनेश चंद्राकर, रविन्द्र गिरी गोस्वामी, मनोज साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षा और सामाजिक एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी द्वारा ग्राम भेलवाकूदा में 14 अप्रैल को वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस लेखराम साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन साहू ने की। दयाराम साहू पूर्व महामंत्री छत्तीसगढ़ साहू संघ भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्रों, जिन्होंने हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की, उनका सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में साहू समाज की एकजुटता, सामाजिक योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज हमेशा से जनकल्याणकारी कार्यों में अग्रणी रहा है और सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सहयोग देता रहा है।

विशिष्ट अतिथि लेखराम साहू ने युवाओं को माता-पिता और बुजुर्गों के सम्मान का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का आधार है। उन्होंने समाज से अपील की कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों की पढ़ाई के लिए विशेष सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे आगे चलकर बड़े पदों पर पहुंचकर समाज का नाम रोशन कर सकें। मौके पर गणेश साहूअध्यक्ष साहू समाज जिला धमतरी, कामता प्रसाद साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## परसुली में शेड व बोर खनन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम परसुली की जोगी डबरी में शेड व तालाब में बोर खनन हेतु भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि मोनिका देवागन सभापति महिला बाल विकास जिला पंचायत धमतरी थी। अध्यक्षता गीतेश्वरी निरंजन साहू जनपद सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, उपसरपंच घनश्याम बांधे, टकाराम साहू, तोमेश्वर निषाद, डॉ. गजेंद्र साहू, पोखराज साहू, भैयालाल साहू, जयलाल लेंजवार, बिष्णु राम साहू थे। मौके पर चित्रसेन निषाद, ख़ुमेश्वर साहू, तुलसी बाई निषाद, कुमारी चंद्रवंशी, नीलम डहरिया, गौरी चंद्रवंशी, प्रेमलाल साहू उपस्थित थे।

## सारंगपुरी में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगा



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में जिला अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान आरोग्य शिविर एवं एक्सरे जांच व उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच व परामर्श दिया गया। इस आयोजन में सरपंच रामकुमार यादव, स्वास्थ्य विभाग से लोमन सिंह, तिलेश्वर साहू,घनश्याम देवांगन, आदित्य साहू, अर्जुन सिंह व मितानिन कीर्तिलता कंवर, डुमेश्वरी विश्वकर्मा, गोमती नेताम, अमृतबाई सेन, उमा सोनवानी, एमटी निराशा निषाद का सहयोग रहा।

## अंचल की खबरें

### अंवरी में बाबा साहेब को किया याद



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में संविधान निर्माता, समाज सुधारक, भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विनय पटेला, टिकेश्वर कुमार, विनय कुमार, चेतन कुमार, अरुण, भोज लहरे, जितेश जांगड़े, प्रिंस पटेला, सरताज पटेला, भावेश, मंयक, अरविंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जोरातराई में अंबेडकर जयंती मनाई गई



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, बंशीलाल साहू, पंचम पाल, प्रकाश तारक हाईस्कूल अध्यक्ष, हरिश्चंद्र तारक, मनीष पाल, घनश्याम यादव, दुर्गेश यदु ,प्यारे तारक पंच, बालमुकुंद साहू, देवनारायण साहू, तोरण कुर्रे, राकेश तारक, कमल तारक उपस्थित थे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**धमतरी।** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, एमआईसी पार्षदगणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान महापौर रामू रोहरा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका संविधान आज भी देश को मजबूत लोकतंत्र की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। सभापति कौशिल्या देवांगन ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को अतुलनीय बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### बाल विवाह पर नजर रखने चार इकाई का गठन



**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग और महिला बाल विकास विभाग के समकक्ष बाल विवाह पर नजर रखने दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी विश्नोई, डॉ. पोषण सिन्हा और घनश्याम सिंह साहू ने चार इकाई का गठन किया है। नगरी में कुमारी बाई और ओमप्रकाश, कुरुद में शिवचरण और डाली, धमतरी में बसंत कुमार विश्नोई और सुलेखा अली तथा मगरलोड क्षेत्र में रोहित साहू और पूनम निषाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डेरहाराम, नीलकंठ, होलाराम, सोमन, सुलोचना, सुलेखाअली, फागूराम तथा कामता प्रसाद भी निगरानी समिति में हैं। ये सदस्य बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने पर समाज कल्याण की उपसंचालक डॉ. मनीषा पाण्डे तथा महिला बाल विकास एवं बाल संरक्षण अधिकारी आंनद पाठक को सूचित करेंगे।

### सहकारी समिति कुर्रीडीह का वर्चुअल शुभारंभ



**कुकरेल(धमतरी)।** नगरी विकासखंड की कुकरेल तहसील में नवीन प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्यादित बाजार कुर्रीडीह का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, श्रीमती अनीता ध्रुव एवं जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रकला साहू ने इसे क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी सौगात बताया। इससे पूर्व बाजार कुर्रीडीह क्षेत्र के किसान कुकरेल सोसायटी से जुड़े थे जहां किसानों को पंजीयन या कृषि ऋण के लिए दस से पन्द्रह किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता था। अब किसानों को बाजार कुर्रीडीह में सहकारी समिति गठन से सुविधा मिलेगी। अजय यादव भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष ने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मौके पर हेमलाल ध्रुव अध्यक्ष सहकारी समिति कुकरेल, श्रीमती मनीषा मरकाम सरपंच बाजार कुर्रीडीह, पूर्व सरपंच चंद्रबली कुंजाम, गुणेश वैष्णव प्राधिकृत अधिकारी बाजार कुर्रीडीह, थानेश्वर देवांगन प्रबंधक समिति कुकरेल, शिव यादव समिति प्रबंधक सलोनी, रामनारायण ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव, कोमल राजपूत, हरिश्चंद्र यादव, शिवा साहू, रोहित देवांगन, ललित यादव, अगेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख मंशाराम साहू, कृपाल ध्रुव, राजेंद्र साहू, केदार सिंह, परसराम ध्रुव, पूर्व ग्राम सेवक महेश्वर सहित अनेक किसानों की मौजूदगी रही।

### ओबीसी संयोजन समिति ने गंगरेल बोटिंग प्वाइंट में मनाई अंबेडकर की जयंती



**धमतरी।** ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के बैनरतले गंगरेल बोटिंग प्वाइंट में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समिति के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में मार्गदर्शक हैं। सतवंत सिंह महिलांग और भारती ने कहा कि आज ही के दिन पिछले वर्ष संविधान भेंटकर विवाह के बंधन में बंधे थे। मौके पर कार्यकारिणी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, प्रदेश अध्यक्ष दानू चंद्राकर, जिला अध्यक्ष थानसिंह चंद्राकर, राजेश सारथी, गिरीश देवांगन, अंकित सोनी, आरती टोडर, स्मिता कोसले ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में समानता और भाईचारा स्थापित करने का संकल्प लिया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ब्राम्हण समाज के भवन निर्माण का भूमिपूजन 19 अप्रैल को

**धमतरी।** भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस एवं अक्षय तृतीय पर तहसील ब्राम्हण समाज धमतरी द्वारा समाज भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम 19 अप्रैल रविवार को प्रातः 11 बजे सोरिद नगर स्थित शीतला मंदिर के पास रखा गया है। मुख्य अतिथि समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा व विशेष अतिथि डॉ. रोशन उपाध्याय होंगे। तहसील ब्राह्मण समाज धमतरी के अध्यक्ष सूरज तिवारी ने कहा कि भवन का निर्माण समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामाजिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी एवं आशुतोष शर्मा ने दी है।

### मनीषा जिला महामंत्री व हितेश्वरी सचिव ब्लाक कांग्रेस नियुक्त



**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकार द्वारा श्रीमती मनीषा साहू को जिला महामंत्री बनाया गया। इसी कड़ी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने महिला वर्ग को प्रतिनिधित्व देते हुए डोड़की से श्रीमती हितेश्वरी सिन्हा को सचिव बनाया है। उनकी नियुक्ति पर पुनीतराम साहू पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, तेजराम सिन्हा सेक्टर अध्यक्ष, चमनलाल साहू पूर्व जनपद सदस्य, संध्या देवांगन, जागेश्वरी ध्रुव, भीष्मा ध्रुव, रजनी ध्रुव, जागेश्वरी सिन्हा समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### जनगणना इ्यूटी से प्रधानपाठक को मुक्त न करने पर असहयोग आंदोलन की चेतावनी



**धमतरी।** जनगणना ड्यूटी के लिए शालाओं में अधीनस्थ शिक्षकों की नियुक्ति होने के बावजूद प्रधान पाठक को ड्यूटी पर लगाया गया है, जिससे उनके पदीय दायित्वों के साथ जनगणना कार्य भी प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर तर्पण कार्यक्रम होने के कारण जनगणना प्रशिक्षण स्थगित किया जाए।
इन मांगों को लेकर शालेय शिक्षक संघ ने जिला और तहसील जनगणना अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने कहा कि यदि इन मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो जनगणना कार्य से असहयोग आंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय रोहित साहू, राजेश यादव, मुकेश यादव, दिलीप सन्हरा, प्रवीण साहू, रेखराम साहू और मनोज देवदास समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# महिला सशक्तीकरण : संबलपुरी साड़ी केंद्र को मिलेगी नई पहचान

## केंद्र का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ श्यामतराई स्थित संबलपुरी साड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में कार्यरत महिलाओं से संवाद करते हुए साड़ी निर्माण की प्रक्रिया, उत्पादन क्षमता, लागत एवं विपणन से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल पारंपरिक कला के संरक्षण का माध्यम है, बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साड़ियों की गुणवत्ता, डिज़ाइन और रंग संयोजन का अवलोकन किया तथा बाजार की मांग के अनुरूप नवाचार अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग के लिए आधुनिक पैकेजिंग मशीन उपलब्ध कराई जाए, जिससे साड़ियों की बाजार में आकर्षक प्रस्तुति हो और बिक्री में वृद्धि हो सके।

### बाजार उपलब्ध कराएं

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को नियमित प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कौशल को और विकसित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन, रंग संयोजन, आधुनिक ट्रेंड तथा ई-मार्केटिंग से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्व-सहायता समूहों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से जोड़कर उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जाए।



### मॉडल इकाई के रूप में विकसित करें

उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि केंद्र में कार्यरत महिलाओं को कच्चे माल की उपलब्धता, वित्तीय सहायता तथा विपणन के बेहतर अवसर सुनिश्चित किए जाएं। उत्पादों की प्रदर्शनी एवं मेलों में सहभागिता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएं, ताकि स्थानीय हस्तशिल्प को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। अधिकारियों को कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संबलपुरी साड़ी केंद्र को एक मॉडल इकाई के रूप में विकसित किया जाए।

20 साल से बसे परिवारों के मकान और फलदार पेड़ नष्ट, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# बोदलवंडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में विवाद, 55 घर तोड़े गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बोदलवंडी में वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब गंभीर विवाद का रूप ले चुकी है। जहां एक ओर विभाग इस कार्रवाई को नियमानुसार बता रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित ग्रामीणों ने कार्रवाई के दौरान मारपीट और अमानवीय व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए पूर्व में संबंधित परिवारों को नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद बीते 15 अप्रैल को विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान लगभग 55 आदिवासी परिवारों के मकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कई घरों को तोड़ा गया और अंदर रखे घरेलू सामान जैसे बर्तन, कपड़े, अनाज और अन्य जरूरी वस्तुएं बाहर निकाल दी गईं। इससे प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और कई लोग अचानक बेघर हो गए।

### महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया

घटना को लेकर सनसनीखेज आरोप यह सामने आया है कि कार्रवाई के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों एवं पालगांव वन समिति के ग्रामीणों द्वारा बोदलवंडी के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें इतनी बेरहमी से मारा गया कि कई लोगों के कपड़े तक फट गए और कुछ को घसीटते हुए पीटा गया। ग्रामीणों के अनुसार, पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया और कई लोगों को लाठी-डंडों से मारा गया। कुछ लोगों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

### संयुक्त कार्रवाई में अतिक्रमण हटाया गया : जाधव

**धमतरी।** डीएफओ कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमित स्थल खाली नहीं करने पर वनमंडल के डीएफओ जाधव श्रीकृष्ण के नियंत्रण में एवं प्रशिक्षु भारतीय वनसेवा की अधिकारी सुश्री मृगजा जालिंदर यादव वनपरिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण सिंगपुर के कुशल नेतृत्व में एवं राजस्व एवं पुलिस बल के संयुक्त कार्यवाही से अतिक्रमित वनभूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त किया गया। इस कार्यवाही में एसएस नाविक, संयुक्त वनमंडलाधिकारी बिरगुड़ी, मनोज विश्वकर्मा, संयुक्त वनमंडलाधिकारी धमतरी एवं वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रों के संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टीरेंजर, सीएफओ, बीएफओ, वन चौकीदार एवं वनप्रबंधन समिति, पालगांव व अन्य की इस कार्यवाही में सामूहिक भागीदारी रही।

### ग्रामीणों में आक्रोश, हटने से किया इंकार

घटना के बाद बोदलवंडी के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हम वहां से हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### बेघर हुए परिवार संकट में जीवन

कार्रवाई के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भोजन, पानी और आश्रय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है।

### प्रशासन और विभाग का पक्ष

वन विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से नियमानुसार की गई है और अतिक्रमण हटाना आवश्यक था। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्रवाई से पहले संबंधित परिवारों को नोटिस देकर समय दिया गया था।

# सिग्नल बंद और अतिक्रमण से बढ़ी समस्या शांति कॉलोनी चौक पर लग रहा रोज जाम



- प्रशासन की अनदेखी से यातायात बेहाल, सिग्नल चालू करने और अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल सिहावा रोड स्थित शांति कॉलोनी चौक इन दिनों लगातार जाम की समस्या से जूझ रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर बढ़ते अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात यह हैं कि दिनभर यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चौराहा होने के कारण इस स्थान पर चारों दिशाओं से वाहनों का दबाव रहता है, लेकिन यातायात को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए सिग्नल अब तक चालू नहीं किए गए हैं। सिग्नल बंद रहने से वाहन चालक मनमाने तरीके से निकलते हैं, जिससे अक्सर अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनती है।

स्थानीय निवासी और दुकानदार भूमेश चौहान राजेश रजक दीनबंधु शुक्ला आदि का कहना है कि अतिक्रमण हटाने और सिग्नल को चालू करने से काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है। लोगों ने पुलिस विभाग और प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए, ताकि यातायात सुचारू हो सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

# धमतरी की अंडर-16 टीम ने सरगुजा को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की अंडर-16 टीम ने सरगुजा को 5 विकेट से हराकर प्लेट ग्रुप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा की टीम ने 163 रन बनाए। मानस सिंह (53) और गौरव मिश्रा (52) ने अर्धशतक जड़े। धमतरी के पीयूष जैन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। जवाब में धमतरी ने पहली पारी में 184 रन बनाकर बढ़त बनाई, जिसमें कुंतल साहू (47), तल्लीनपुरी गोस्वामी (34), लक्ष्य कुमार तुर्रे (28) और निलेश रजक (24) का योगदान रहा।

दूसरी पारी में सरगुजा की टीम मात्र 94 रन पर सिमट गई। धमतरी के उत्कर्ष राज विश्वकर्मा ने 4 विकेट झटके, जबकि निलेश रजक और लसित गोस्वामी ने 2-2 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

74 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए धमतरी ने 29 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल की। कप्तान मृणाल सिन्हा (28) और अक्षत महावर (18) ने संयमित पारी खेली। टीम की इस ऐतिहासिक जीत में कोच अनुप्रिया मंडल का मार्गदर्शन अहम रहा, जिनकी रणनीति और प्रशिक्षण ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को नई दिशा दी।

# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रशिक्षण शिविर और संसाधन बढ़ाने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई देने की दिशा में प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने रेस्ट हाउस में हाल ही में नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर, प्रतियोगिताओं का आयोजन और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर मिश्रा ने विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए खेल सामग्री की उपलब्धता, नए खेल मैदानों के निर्माण और प्रशिक्षण सुविधाओं के उन्नयन को प्राथमिकता देने की बात कही।

बैठक में छग कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हॉल निर्माण का प्रस्ताव रखा। साथ ही महिला पहलवानों के लिए महिला कोच ट्रेनर रखने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने कांटा तालाब के समीप हॉल निर्माण के लिए सहमति जताई। इस घोषणा से कुश्ती खिलाड़ियों में उत्साह है। लक्ष्मण साहू ने कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन का यह सहयोग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में मदद करेगा। फ्रीडम एकेडमी के संचालक लोकेश साहू ने आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आवास व्यवस्था की आवश्यकता बताई। इस पर कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज में अस्थायी ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद रहे। इस पहल से जिले में खेल प्रतिभाओं को नया संबल मिलने की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी नगर द्वारा वर्ष 2026 का प्रारंभिक वर्ग 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यह वर्ग 16 अप्रैल गुरुवार को शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर 18 अप्रैल शनिवार की शाम 4 बजे तक चलेगा।

संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस वर्ग का उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के विचार को सुदृढ़ करना है। आयोजन में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को संघ के कार्य, विचारधारा एवं अनुशासन से अवगत कराया जाएगा।

वर्ग में 15 वर्ष से 40 वर्ष तक के बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन आनंद उत्सव परिसर, जियो पेट्रोल पंप के सामने रायपुर रोड धमतरी में किया जाएगा। सहभागिता हेतु 100 रुपये शुल्क निर्धारित है।

प्रतिभागियों को अपने साथ आवश्यक सामग्री जैसे जूते, मोजे, दंड, लोटा, डायरी, पेन, चादर, नहाने एवं उपयोग के सामान लाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कीमती वस्तुएं जैसे सोना-चांदी के आभूषण, मोबाइल, कैमरा आदि न लाने की अपील की गई है। नगर सह कार्यवाह रवि शर्मा एवं नगर व्यवस्था प्रमुख योगेश साहू ने स्वयंसेवकों से प्रारंभिक वर्ग में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

## गांव चलो-बूथ चलो अभियान को मिली मजबूती

**मगरलोड।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर नगर पंचायत करेली बड़ी में घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार एवं विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुचाने आम जनता एवं लाभार्थियों से आत्मीय मुलाकात की गई। मेघा मंडल के नेतृत्व में स्थानीय संगठन कार्यकर्ताओं के सहयोग से युवाओं और वरिष्ठों के मार्गदर्शन से अभियान को मजबूती मिली।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सहकारिता से गांवों के विकास को नई गति मिलेगी, किसान आत्मनिर्भर बनेंगे : ज्योति

# कोलियारी सहकारी समिति का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी





ग्राम कोलियारी में प्राथमिक कृषि साख एवं सहकारी समिति का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऑनलाइन वर्चुअल माध्यम से किया। छत्तीसगढ़ में 515 समितियों का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। इस पहल से क्षेत्र के किसानों को समय पर ऋण, खाद-बीज एवं अन्य कृषि सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकेंगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपं भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि यह समिति किसानों के लिए आर्थिक मजबूती का एक सशक्त माध्यम बनेगी। सहकारिता के माध्यम से गांवों के विकास को नई गति मिलेगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। विधायक अजय चंद्राकर और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विकास परक सोच से सबको लाभ मिलेगा।

रामस्वरूप साहू ने कहा कि शासन की यह पहल किसानों के हित में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि समिति के माध्यम से किसानों को आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध होंगे, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और क्षेत्र की समृद्धि बढ़ेगी। जनपद सदस्य आनंद यदु ने कहा कि सहकारी समिति की स्थापना से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर समिति को मजबूत बनाने और इसका अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। मौके पर प्राधिकृत अधिकारी गोविंद सिंह राजपूत, महेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, राजू साहू, बाई साहू, काशीराम साहू, कोलियारी सरपंच एवं प्रतिनिधि देवेंद्र ध्रुव, बिसौहा साहू, शांति स्वरूप साहू, तरुण साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शाखा प्रबंधक स्मिता अखिलेश ने किया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020